राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(169)RSSB/अर्थना/स्कूल शिक्षा/कम्प्यूटर अनुदेशक/भर्ती/2025/ दिनांक :यथाहस्ताक्षर

–:: कार्यालय आदेश ::–

वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक एवं बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक संयुक्त सीधी भर्ती–2026

बोर्ड द्वारा वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक एवं बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक संयुक्त सीधी भर्ती–2026 के 3951 पदों हेतु दिनांक 22.05.2026 को विज्ञप्ति जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। बोर्ड द्वारा बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 22.08.2026 को एवं वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 23.08.2026 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है।

बोर्ड द्वारा जारी विस्तृत विज्ञापन संख्या 07/2026 दिनांक 22.05.2026 के अनुसार अभ्यर्थियों को अपने **ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु दिनांक 26.08.2026 से दिनांक 01.09.2026 को रात्रि 23.59 बजे तक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, स्वयं का फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, अंगूठा का निशान व हस्तलिपि नमूना तथा शैक्षणिक योग्यता के अलावा शेष प्रविशिष्टियों में निर्धारित रू. 300/– का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर उक्त अवधि में संशोधन कर सकेंगे।

इस दौरान अभ्यर्थी अपनी विभागों की प्राथमिकता क्रम में भी संशोधन कर सकेगें। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। आवेदन में संशोधन हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

नोटः– अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र को पुनः ध्यान से देख लेवें। विशेषकर श्रेणी, उप श्रेणी, लिंग, प्राथमिकता क्रम, वैवाहिक स्थिति, टीएसपी क्षेत्र, इत्यादि में त्रुटि रहने से परीक्षा परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव होते है। अतः अभ्यर्थी इस दौरान आवश्यक संशोधन कर लेवें। इसके पश्चात् कोई अवसर नही दिया जावेगा।

सचिव

क्रमांकः प.14(169)RSSB/अर्थना/स्कूल शिक्षा/कम्प्यूटर अनुदेशक/भर्ती/2025/ दिनांक :यथाहस्ताक्षर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रभारी अधिकारी, आईटी अनुभाग, RSSB को भेज कर लेख है कि उक्त सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाए।

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date: 2026.08.24 19:15:10 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 24210018
M e-Sign

Downloaded from AIJobAlert.com · Verify all details on the official website.